हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 23.8 डिग्री

12 भारी बरसात के कारण फिर ठहरी जिंदगी रिहायशी ...



12 छात्रों को खिलाई 54844 एल्बेंडाजॉल ..



## खबर संक्षेप

### दो ट्रकों के बीच फंसी कार, व्यक्ति की मौत

**लाडवा।** मंगलवार सुबह लाडवा-रादौर मार्ग पर गांव बड़शामी के नजदीक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दो ट्रकों के बीच कार फंसकर बुरी तरह चकनाचूर हो गई। कार सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार का ढांचा पूरी तरह से पिचक गया। शव को बाहर निकालने के लिए पुलिस को कार की बॉडी को काटना पड़ा। वहीं ट्रकों व कार को हटाने के लिए जेसीबी मशीन तक मंगानी पड़ी। सब इंस्पेक्टर विकास ने बताया कि हादसा सुबह लगभग 2 से 4 बजे के बीच हुआ। मृतक की पहचान सतबीर निवासी सिरमौर (हिमाचल) के रूप में हुई है।

### बदमाशों ने व्यक्ति से की मारपीटा, छीना बाइक

**यमुनानगर।** बदमाशों ने गांव मोहड़ी के पास एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसकी बाइक छीन ली। पीड़ित व्यक्ति ने मामले की सूचना व्यासपुर पुलिस थाने में दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव नागलपत्ती निवासी महिंद्र पाल ने थाने में दी शिकायत में बताया कि वह बाइक से किसी काम से जा रहा था। गांव मोहड़ी के पास पहुंचा तो उसे रास्ते में कुछ युवक मिले। आरोपियों ने रोककर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी युवक उसके पास से बाइक छीनकर फरार हो गए।

### युवक से 530 नशीली दवाइयां बरामद

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अपनी टीम के साथ नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए थाना सिटी पेहोवा के एरिया मे मौजूद थी। सूचना मिली कि एक नशा तस्कर शास्त्री नगर मे अवैध नशीली दवाइयों की तस्करी करता है, जोकि अभी शास्त्री नगर से पेहोवा की और नशीली दवाइयों को तस्करी करने जाएगा। मुखबरी पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पेहोवा अनाज मंडी से शास्त्री नगर जाने वाले रास्ते पर नाका लगाकर अवैध नशीली दवाइयों सहित काबू कर लिया गया। उसके पास से 530 नशीली ट्रामडोल दवाइयां बरामद हुई। आरोपी की पहचान जगबीर निवासी गांव बालू (कैथल), वर्तमान पता शास्त्री नगर, पेहोवा के रूप में हुई है।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को किया अगवा

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा करके ले गया। पुलिस ने किशोरी के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 16 वर्षीय लड़की 24 अगस्त को सुबह नौ बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस घर नहीं लौटी।

### शराब ठेका पर फायरिंग की कोशिश, केस दर्ज

**लाडवा।** मंगलवार को लाडवा में पुलिस जवान की मुस्तैदी के चलते फायरिंग की वारदात टली। शराब के ठेका पर फायरिंग करने आया युवक ठेके पर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी की मुस्तैदी के चलते बिना फायरिंग के भाग गया। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तस्कर से 8.300 किग्रा चूरापोस्त बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में हरदीप कुमार उर्फ लवली वासी जोला कलां व बहादुर सिंह वासी धर्मगढ़ लालड़ू मोहाली पंजाब को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 8 किलो 300 चूरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है।

---

**नारायणगढ़ में एसडीएम शिवजीत भारती ने अधिकारियों के साथ कालाअंब में घटना वाली जगह का दौरा किया**

# हादसे में स्कूली छात्रा की मौत के बाद विद्यालय के निकट यातायात संकेतक चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश, जेब्रा क्रॉसिंग का भी लगाया जाएगा निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

एसडीएम शिवजीत भारती ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ कालाअंब में उस जगह का दौरा किया जहां बीते रोज हुए हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई थी। इस दौरान उनके साथ डीएसपी सूरज चावला, एनएचएआई के अधिकारी तथा ग्रामीण भी उपस्थित थे। एसडीएम ने छात्रा की असामयिक मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त की। आश्वस्त किया कि भविष्य में इस स्थान पर सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालय के निकट यातायात संकेतक बोर्ड, चेतावनी चिह्न तथा जेब्रा क्रॉसिंग के निशान लगाए जाएं। लोगों की मांग पर उन्होंने सेंट फ्रांसिस एकेडमी के पास सड़क किनारे पर लगी रेलिंग के भीतर किए गए अतिक्रमण को हटाने के भी निर्देश दिए।



नारायणगढ़। ग्रामीणों से बातचीत करती एसडीएम व अन्य अधिकारी।

### सुरक्षित मार्ग मिल पाएगा

एनएचएआई व पुलिस अधिकारियों को दिए। इससे पैदल चलने वालों को सुरक्षित व सुगम मार्ग मिल पाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्कूल के पास फोरलेन सडक के डिवाइडर पर लगी रेलिंग को उंचा किया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति असुरक्षित रूप से सडक पार न कर सके। इसके अतिरिक्त, पास स्थित ड्रेनों को कवर करने के भी निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि सेंट फ्रांसिस एकेडमी के पास नाहन की ओर जाते हुए फोरलेन पर जो कट है।

### छुट्टी पर पुलिस तैनात रहेगी

विद्यालय लगने से एक घंटा पूर्व तथा दोपहर में छुट्टी के समय दो पुलिसकर्मी और स्कूल स्टाफ के दो सदस्य अनिवार्य रूप से तैनात रहेंगे जिससे बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि विद्यालय लगने से एक घंटा पहले और छुट्टी के समय विद्यालय गेट पर कम से कम दो स्टाफ सदस्य मौजूद रहें। ये बच्चों को सुरक्षित रूप से सडक पार करवाने में सहयोग करेंगे।

### सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए

विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों से भी उन्होंने आह्वान किया कि जिन विद्यालयों का प्रवेश द्वार मुख्य मार्गों पर है वहां सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। बच्चों को सडक पार करवाने में लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर डीएसपी सूरज चावला ने कहा कि सडक सुरक्षा सभी की सांझा जिम्मेदारी है। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस प्रकार के संवेदनशील क्षेत्रों में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

---

**राष्ट्रीय राजमार्ग 72 के अंबाला शहजादपुर मार्ग पर हादसा**

# अनियंत्रित होकर निजी स्कूल की बस से टकराई बाइक रेहड़ी, चालक की मौत

*घायल रेहड़ी चालक को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया गया। इलाज के दौरान रेहड़ी चालक की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।*

- पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही का केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 72 के अंबाला शहजादपुर मार्ग पर स्कूल बस और मोटरसाइकिल रेहड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में रेहड़ी चालक घायल हो गया। घायल रेहड़ी चालक को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया। ईलाज के दौरान रेहड़ी चालक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नारायणगढ़ सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। मंगलवार दोपह को धनाना की साइड से बच्चों को उतार कर आ रही एक निजी स्कूल बस के साथ एक मोटरसाइकिल रेहड़ी टककरा गई। इसके कारण मोटरसाइकिल रेहड़ी पलट गई। चालक घायल हो गया। ईलाज के दौरान दम तोड़ने वाले रेहड़ी चालक की पहचान लगभग 40 वर्षीय धनाना के संजीव कुमार के रूप में हुई। स्कूल बस के चालक ने बताया कि मोटरसाइकिल रेहड़ी ओवर लोड थी। इसके कारण रेहड़ी का कोई पार्ट टूट गया। इसकी वजह से वह अनियंत्रित हो गई। चालक ने बताया कि उसने बचाने की बहुत कोशिश की परन्तु बावजूद इसके टक्कर हो गई।



शहजादपुर। घायल रेहड़ी चालक का उपचार करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### बिजली तार से टकराया कैंटर, चालक की मौत

.**यमुनानगर।** गांव परवालो के समीप मंगलवार सुबह कैंटर ऊपर से निकल रही बिजली की तारों से टकरा गया। जिस कारण कैंटर में करंट आने से चालक बूरी तरह से झुलस गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल स्थित शवगृह में रखवा दिया। वहींए हादसे के बाद मार्ग जाम हो गया। पुलिस ने कैंटर हटाकर जाम को खुलवाया। जम्मू निवासी 35 वर्षीय बिट्टूदीन मंगलवार सुबह करीब छह बजे कैंटर में प्लाईवुड फैक्टरी से सामान लेने के लिए गांव परवालों के रास्ते जा रहा था। इसी दौरान गांव में ऊपर से निकल रही बिजली तारों से कैंटर छू गया। इससे जोरदार धमाका हुआ। कैंटर के पीछे चारों टायर भी फट गए। हादसे में कैंटर में करंट आ गया। जिससे चालक बिट्टूदीन करंट के धमाके से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। धमाके की आवाज सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पाया कि चालक कैंटर से नीचे सड़क पर बेसुध पड़ा है। सूचना डायल 112 पर दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को यमुनानगर के सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

### एम्बुलेंस की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत

**यमुनानगर।** शहर के खजूरी रोड जठलाना के पास एम्बुलेंस की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी एम्बुलेंस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव मोहड़ी निवासी कुलदीप कुमार ने जठलाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा 30 वर्षीय रोहित सोमवार को अपनी बाइक से जा रहा था। शाम को चार बजे खजूरी रोड जठलाना के पास तेज गति से एम्बुलेंस लेकर आ रहे जतिन शर्मा ने उसके भतीजे रोहित की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसका भतीजा घायल हो गया। राहगिरों ने उसके भतीजे को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

---

**316 शिक्षकों ने अपने मत का प्रयोग किया**

# कुवि शिक्षक संघ के प्रधान बने डॉ. जीतेंद्र खटकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



डॉ. जीतेंद्र खटकड़ ने 196 मत लेकर विजय रहे

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कुटा) चुनाव मंगलवार को संपन्न हुआ। कुटा चुनाव में डा. जीतेंद्र खटकड़ ने 196 मत लेकर विजय प्राप्त की जबकि उनके प्रतिद्वंदी डॉ. नरेश सागवाल को 112 मत प्राप्त हुए। 5 वोट रद हुए। प्रधान पद पर डा. जीतेंद्र खटकड़ ने 84 मतों के अंतर से विजय प्राप्त की। चुनाव में कुल 316 शिक्षकों ने अपने मत का प्रयोग किया जबकि 12 पोस्टल मत डले। वहीं उप प्रधान पद पर डा. विजय कुमार ने जीत हासिल की है। डा. विजय कुमार को 165 और उनक प्रतिद्वंदी डा. सुधीर कुमार को 140 मत प्राप्त हुए। डा. विजय कुमार ने 25 मतों के अंतर से विजय प्राप्त की। उप प्रधान पद पर 11 वोट रद्द हुए। इसके अलावा सचिव पद पर डा. सुरेश कुमार ने विजय प्राप्त की है। डा. सुरेश कुमार को 179 और उनके प्रतिद्वंदी डा.संजय कुमार को 129 मत प्राप्त हुए। डा. सुरेश कुमार ने 50 मतो के अंतर से विजय प्राप्त की। कोषाध्यक्ष पद पर डा. राजवीर पहले ही निविरोंध चुने जा चुके है।

# कुरुक्षेत्र: नशा तस्कर को 3 साल की सजा और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायधीश स्पैशल कोर्ट एनडीपीएस एक्ट अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी अजय व हिमांशु वासीयान नीलोखेडी जिला करनाल को 3 साल कारावास व 10 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक प्रेम चंद लाडवा रादौर टी पॉइंट के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर र लाडवा रादौर टी पॉइंट पर नाकबंदी करके अजय व हिमांशु वासीयान नीलोखेडी जिला करनाल को कार सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जा से 5 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ था। थाना लाडवा में केस दर्ज हुआ था।



---

### न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर युवक से ठगे 2.20 लाख

**यमुनानगर।** न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर गांव मगरपुर निवासी सुभाष चंद से दो लाख 20 हजार रुपये हड़प लिए। आरोप कुसुम रानी व गुरविंद्र पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मगरपुर निवासी सुभाषचंद ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान कुसुम रानी व गुरविंद्र लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं।

# जेल से मोबाइल फोन बरामद

- 4 आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने जेल से मोबाइल फोन बरामद कर 4 आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने जेल से मोबाईल फोन बरामद मामले में कृष्ण कुमार वासी दादुपुर जिला करनाल, राजेश उर्फ भूरिया वासी काकडोद जिला जींद, विशाल उर्फ लाडी वासी अमरगढ़ जिला कुरुक्षेत्र व शमशेर सिंह उर्फ शेरा वासी चोला साहिब जिला तरनतारण पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 19 अगस्त 25 को जेल अधीक्षक ने बताया कि जिला जेल कुरुक्षेत्र में उप जेल अधीक्षक के नेतृत्व प्रतिदिन जेल के कैदियों की तलाशी ली जाती है। 19 अगस्त 25 को समय करीब 3 बजे ब्लाक नंबर 4 के कमरा नंबर 2 की अचानक तलाशी ली गई।

### पानीपत में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने 19 अगस्त की रात नैन गांव में रजवाहे के पास रंजिशन मोनू निवासी गांव नैन की चाकू से वार कर हत्या करने के आरोपी गांव परढाना निवासी जोनी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने मोनू हत्याकांड की पूरी जानकारी लेने के लिए जोनी को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। मोनू हत्याकांड में थाना मतलौडा में गांव नैन निवासी रवि पुत्र राजेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

---

**पुलिस ने कैफे व स्पा सेंटर्स पर मारा छापा**

# संदिग्ध हालत में युवक एवं युवतियां पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्ण कनाल के पास चल रहे कुछ कैफों और स्पा सेंटर्स पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने वहां बने छोटे-छोटे केबिनों में संदिग्ध हालत में युवक और युवतियों को पाया। जानकारी के अनुसार इन केबिनों को घंटे के हिसाब से किराए पर दिया जाता था, जहां 200 रुपये प्रति घंटा वसूलकर गलत काम करवाए जा रहे थे। छापेमारी के बाद इलाके के कैफों और स्पा सेंटर्स में हड़कंप मच गया। मौके से पुलिस ने कई युवक और युवतियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। सिविल लाइन थाना प्रभारी रामलाल ने बताया कि पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि इन कैफों और स्पा सेंटर्स में गलत गतिविधियां संचालित हो रही हैं। इन्हीं शिकायतों की पुष्टि करने के लिए मंगलवार को रेड डाली गई।



---

**हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष किरमच ने कहा**

# पवित्र तट सरस्वती का किया जाएगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती तीर्थ के जीर्णोद्धार व विकास के लिए हरियाणा सरकार लगातार कार्य कर रही है। हर वर्ष सरस्वती तट पर कई बड़े आयोजन किए जाते हैं। इनमें सरस्वती महोत्सव तथा चेत्र चौदस का मेला अहम हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक माह अमावस के दिन भारी संख्या में लोग सरस्वती तीर्थ पर स्नान करने पंहुचते हैं। वे मंगलवार को सरस्वती तीर्थ पर मुआयना करने पंहुचे। इस मौके पर उन्होंने सिंचाई विभाग के विश्रामगृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सरस्वती विकास बोर्ड के सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक ली।

**अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए**



पिहोवा। सिंचाई विभाग के विश्रामगृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सरस्वती विकास बोर्ड के सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक करते हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच।

### सरस्वती तीर्थ के जल का प्रवाह को बढ़ाने पर चर्चा

*हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने बैठक में अधिकारियों से बातचीत करते हुए सरस्वती तीर्थ के विकास एवं जीर्णोद्धार तथा अन्य पहलुओं पर अधिकारियों से उनके सुझाव मांगे। इस मौके पर उन्होंने सरस्वती तीर्थ पर जल प्रवाह की साफ-सफाई को लेकर अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरस्वती तीर्थ के जल का प्रवाह और अधिक बढ़ाने के लिए उच्च अधिकारियों की योजना व नीति बनाकर कार्य करना बेहद अनिवार्य है। क्योंकि सरस्वती तीर्थ पिहोवा पर मेलों व त्यौहारों तथा अन्य अवसरों पर लोगों की भीड़ लगी रहती है। इन मौकों पर लोगों द्वारा पिंडदान का कार्य करवाया जाता है, जिसकी सामग्री को जल में प्रवाह किया जाता है।*

---



पानीपत। चीन जाने वाले भारतीय दल का संयुक्त फोटो

### डॉ. कोटनिस की विरासत के साथ चीन रवाना हुआ भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**पानीपत।** भारत में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के अटैची ने भारत के नौ सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल को चीन के लिये रवाना किया। भारत से डॉ. डीएन कोटनिस एक्युपंचर हॉस्पिटल लुधियाना की तरफ से हरियाण पानीपत से मुस्कान भयाना, वरुण चोपड़ा दिल्ली व अन्य सात सदस्यों को अलग-अलग प्रदेशों से चीन के लिये रवाना किया है। जो चीन के अलग-अलग स्थान में जाकर भारत की संस्कृति के बारे में जानकारी देंगे। प्रतिनिधिमंडल की सदस्य मुस्कान भयाना पानीपत व वरुण चोपड़ा दिल्ली ने अपने विचार सांझा करते हुए बताया कि द्वारकानाथ कोटनिस ने चीन-जापान युद्ध के दौरान हजारों चीनी सैनिकों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रतिनिधिमंडल का मुख्य उद्देश्य से हमें चीन भेजा गया है हमारा प्रयास रहेगा की भारत और चीन की दोस्ती को मजबूत करें ताकि जिस तरह से पूरे विश्व में भारत तीसरी सबसे अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है उसमें भारत व चीन की दोस्ती विश्व में एक उदाहरण प्रस्तुत करें।

## खबर संक्षेप



### अकाल कष्टों से मुक्त दिलाते हैं गुरुः शक्ति देव

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र में पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह व रेखा देवी चेयरपर्सन नगरपालिका चीका सुपुत्र पूर्व विधायक व पूर्व सांसद चौधरी ईश्वर सिंह के निवास स्थान खेड़ी मारकंडा में जय ओंकार अन्तर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ संस्थापक स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले ने प्रवचन के माध्यम से प्रेरणा दी कि गुरु कृपा तभी मिलती है, जब जन्म के माता-पिता का पूर्ण आशीर्वाद मिलता है। संत का प्यार वही फलता फूलता है जहां पर सद्गुरु भगवान निराकार-परब्रह्म'ओंकार की कृपा होती है। गुरु के प्रति सच्चा-भाव व सच्चा-हृदय ही आपकी हर-पल रक्षा होती है। गुरु भगवान अपने चरणों मे आने जाने वालों की रक्षा करते हैं और अपना पूर्ण वरद्हस्त सदा रखते हैं।

बरसात में जलभराव से जिले की हजारों एकड़ में खड़ी फसल हुई बर्बाद

# भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने मुआवजे की मांग को लेकर डीसी से की मुलाकात

## उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को दिया समस्या का जल्द समाधान करवाए का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) का प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को उपायुक्त पार्थ गुप्ता से मिलकर बरसात में जलभराव होने से जिले की हजारों एकड़ में बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलवाए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मुआवजे के लिए हरियाणा सरकार द्वारा शुरू किया गया क्षतिपूर्ति पोर्टल अब तक यमुनानगर जिले के किसानों के लिए शुरू नहीं किए जाने का आरोप लगाया।

भाकियू के जिला प्रधान संजू गुनदीयाना ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ और बरसात से प्रभावित जिलों के किसानों की खराब हुई फसलों का पंजीकरण करने के लिए क्षति पूर्ति पोर्टल शुरू किया है। ताकि उन्हें मुआवजा मिल सके। लेकिन यमुनानगर जो खुद बाढ़ ग्रस्त जिला है और जहां की हजारों एकड़ फसलें हालिया बरसात से पूरी तरह चौपट हो चुकी हैं। उसे इस सूची में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पोर्टल पर 31 अगस्त पंजीकरण की अंतिम तिथि हो चुकी है । लेकिन अभी तक पोर्टल पर जिले का नाम दर्ज नहीं है। अगर आने वाले दिनों में भी पोर्टल शुरू नहीं किया गया तो जिले के किसान मुआवजे से वंचित रह जाएंगे। भाकियू के जुलाब अध्यक्ष संजू गुनदीयाना ने उपायुक्त को बताया कि जिले में बरसात और बाढ़ की मार झेल रहे किसानों की स्थिति बेहद दयनीय है। खेतों में लगी धान, गन्ना, कपास और सब्जियों की फसलें पानी में डूबकर खराब हो गई हैं। किसानों को उम्मीद थी कि सरकार उनकी मदद करेगी, लेकिन अब तक यमुनानगर को पोर्टल पर शामिल न किए जाने से किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।



**यमुनानगर।** मुआवजा की मांग को लेकर उपायुक्त पार्थ गुप्ता से मिलता हुआ भाकियू का प्रतिनिधिमंडल। फोटो :हरिभूमि

■ जिले में बरसात और बाढ़ की मार झेल रहे किसानों की स्थिति बेहद दयनीय है

**प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा समाधान**

उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों से इस विषय पर बात चल रही है और बहुत जल्द यमुनानगर जिले को भी पोर्टल में शामिल कर पंजीकरण शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि किसानों के हितों को देखते हुए सरकार से पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाने की भी मांग की जाएगी। ताकि किसी भी किसान को मुआवजा पाने में दिक्कत न हो। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में भाकियू के प्रदेश संगठन सचिव हरपाल, युवा जिला अध्यक्ष संदीप टोपरा, तरनजीत सिंह रुलाखेड़ी, कुलदीप कैल, हेमंत कैल, संदीप रुलाखेड़ी, विपन, गुरतेक, कुरुक्षेत्र जिला प्रभारी पप्पल, सतीश खुबड़ और अनेज दामला आदि शामिल रहे।

### जनरल स्टोर संचालक से हजारों का सामान लेकर फरार, केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के विश्वकर्मा मोहल्ले में स्थित जनरल स्टोर संचालक थोक विक्रेताओं से उधार में हजारों रुपये का सामान लेकर फरार हो गया। आरोपी ने थोक विक्रेताओं को उधारी के नाम पर चेक दिए थे। जब एक थोक विक्रेता ने आरोपी द्वारा दिया चेक बैंक में लगाया तो वह बाउंस हो गया। पुलिस ने जनरल स्टोर संचालक तनिष्क जैन पर धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस को दी शिकायत में थोक व्रिकेता मनीष ग्रोवर ने बताया कि विश्वकर्मा मोहल्ले स्थित जनरल स्टोर के संचालक तनिष्क जैन से उनका लेन.देन था। वह उनसे माल खरीदता था और बाद में रुपये वापस करता। कुछ माह पहले तनिष्क ने उधार में लिए माल की रकम नहीं चुकाई। जब उसे रकम देने के लिए कहाए तब उसने चेक दिया था। काफी समय से तनिष्क का स्टोर बंद है और न तो तनिष्क और न उसके परिवार के किसी सदस्य से संपर्क हो पाया। तब तनिष्क का दिया चेक बैंक में लगाया तो यह बाउंस हो गया। तनिष्क पर उनकी करीब 77 हजार रुपये की देनदारी है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

# दुनिया में बढ़ रहा है भारत का सम्मानः कंवरपाल

■ पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने दोनों बैठकों में मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी जगाधरी के शहरी व ग्रामीण मंडलों की कार्यकारिणी की बैठकें अलग अलग रुप से पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में की गई।

दोनों बैठकों में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा मौजूद रहे। दोनों बैठकों में शहरी व ग्रामीण मंडल अध्यक्षों प्रियंक शर्मा व कृष्ण खदरी समेत सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि शहरी व ग्रामीण मंडलों की बैठकों में पांच सत्र रखे गए। पहले सत्र में संगठनात्मक विस्तार व बूथ पर होने वाले कार्यक्रम,दूसरे सत्र में पंच परिवर्तन व सेवा पखवाड़े विषय पर मंथन ,तीसरे सत्र में मन की बात व सरल पोर्टल पर, चौथे सत्र में एक देश एक चुनाव विषय पर व पांचवें सत्र में हरियाणा सरकार व केन्द्रीय सरकार की योजनाओं के विषय पर भाजपा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार किसानो, महिलाओं व युवाओ सहित समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए दिन रात काम कर रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बन कर तेजी से उभर रहे हैं। यह उनकी कुशल कार्य क्षमता और अच्छी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के मामले में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। मौके पर विशिष्ठ अतिथि एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की भाजपा कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर,भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी,जिला उपाध्यक्ष रामपाल सिंह व भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर के हुड्डा सेक्टर 17 स्थित जिला कार्यालय में आयोजित भाजपा जगाधरी शहरी मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

# भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

■ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर रादौर में भगवान श्रीकृष्ण के दसोठन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर रादौर में भगवान श्री कृष्ण का दसोठन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में भजन गायक करणदास ने श्रीकृष्ण के भजनों को प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

श्रद्धालु लेखराज ने बताया कि दसोठन कार्यक्रम में करणदास ने अपने भजनों के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण का गुणगान कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मौके पर महिलाओं ने भी महिला संकीर्तन कर सभी को भजनों पर झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीकृष्ण सखा मंडल व गीता परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण भक्ति का खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम में लेखराज चोपड़ा, बॉबी झांब, राजीव अग्रवाल, रमेश वर्मा, विनोद झांब, संजय सेठी, वेद शर्मा, पवन अग्रवाल, दिनेश कत्याल, विनोद टंडन, प्रमोद, दीपक, अनीता झांब, मोनिका, कमलेश चोपड़ा, पल्लवी सेठी, ममता शर्मा आदि मौजूद रही।



**यमुनानगर।** रादौर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित दसोठन कार्यक्रम में भाग लेते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों का स्वस्थ रहना ही विद्यालय की सबसे बड़ी प्राथमिकताः प्रधानाचार्या



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी स्कूल सुढ़ैल में आयोजित कार्यक्रम में एलबेंडाजोल की गोलियां खाते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या तोशव वाधवा ने किया। मौके पर विद्यार्थियों को एलबेंडाजोल को गोलियां खिलाई गई।

प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने बताया कि पूरा कार्यक्रम विद्यालय के शिक्षकों की देखरेख में किया गया। दवा के वितरण और सेवन की प्रक्रिया में हरियाणा सरकार तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन किया गया। विद्यार्थियों को न केवल दवा दी गई बल्कि उन्हें स्वच्छताए पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों का स्वस्थ रहना ही विद्यालय की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। कृमि मुक्ति दिवस जैसे अभियान विद्यार्थियों को बीमारियों से बचाने और उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने का एक सशक्त माध्यम हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के स्वास्थ्य के साथ साथ समाज में भी जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं। विद्यालय परिवार ने स्वास्थ्य विभाग का धन्यवाद दिया।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित हुआ गेस्ट लेक्चर

# भारत में स्टार्टअप के लिए कानूनी अनुपालन करना जरूरीः मुकेश

## मानव संसाधन पेप्सिको के डिप्टी मैनेजर मुकेश कुमार कटेजा ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में ईडी सेल एवं प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में भारत में कानूनी अनुपालन पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रुप में मानव संसाधन पेप्सिको पानीपत के डिप्टी मैनेजर मुकेश कुमार कटेजा ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने की। मुख्य वक्ता मुकेश कुमार कटेजा ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत में स्टार्टअप के लिए कानूनी अनुपालन और औद्योगिक नियमों में व्यवसाय पंजीकरण के तहत डीपीआईआईटी मान्यता, पैन, टैनए व जीएसटी पंजीकरण जैसे कर अनुपालन, बौद्धिक संपदा संरक्षण, अनुबंध प्रबंधन, आवश्यक लाइसेंस व परमिट प्राप्त करना अति आवश्यक है। यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि स्टार्टअप कानूनी सीमाओं के भीतर काम करें। मौके पर प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा अनुजा गोयल ने बताया कि संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के रोजगार संबंधी अवसरों को लेकर इस प्रकार के व्याख्यान का आयोजन समय समय पर करवाया जाता है। जिससे विद्यार्थी कॉर्पोरेट जगत में प्रयोग में आने वाले विभिन्न कौशलों में निपुण होकर अपने कैरियर में सफल हो सकें। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने मुख्य वक्ता मुकेश कुमार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में विद्यार्थियों में इस प्रकार की कानूनी जानकारी होना अति अनिवार्य है। जिससे वे अपने उद्यमों को कानूनी रूप से सक्षम बना सकें। उन्होंने गेस्ट लेक्चर के सफल आयोजन एवं संचालन के लिए प्रबंधन विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वह संस्थान द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एमबीए के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विक्रम सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।



**यमुनानगर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित गेस्ट लेक्चर में व्याख्यान देते हुए मुख्य वक्ता।

### छात्रा रिद्धिमा ने जिलास्तरीय साइंस सेमिनार में प्राप्त किया द्वितीय स्थान

■ प्रधानाचार्या मोनिका व अन्य स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

होली मदर पब्लिक स्कूल की छात्रा रिद्धिमा ने जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिलास्तरीय साइंस सेमिनार में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। मंगलवार को छात्रा रिद्धिमा का स्कूल में पहुंचने पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका व अन्य स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया।

प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि जिलास्तरीय सेमिनार में ब्लाकस्तर पर हुए सांइस सेमिनार में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें उनके स्कूल के भी प्रतिभागियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इस सेमिनार में निर्णायक मंडल की भूमिका जीएसएसएस साढ़ौरा के कंवलजीत, जीएसएसएस अलाहर के संजीव व जीएसएसएस यमुनानगर से सीमा अरोड़ा ने निभाई। जिला विज्ञान प्रमुख विशाल सिंघल ने प्रतियोगिता का निरीक्षण किया और प्रतिभागियों के द्वारा दी गई प्रस्तुति की समीक्षा की। प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि जिलास्तरीय सांइस सेमिनार में उनके विद्यालय की छात्रा रिद्धिमा सिंह ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी का ध्यान आकर्षित किया और निर्णायक मंडल ने उसे विशेष रूप से सराहा।

उन्होंने बताया कि रिद्धिमा अब गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय साइंस सेमिनार में भाग लेगी। स्कूल के चेयरमैन जीएस शर्मा ने रिद्धिमा सिंह को उसकी उपलब्धि पर बधाई दी और उसके आने वाले उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



होली मदर पब्लिक स्कूल में छात्रा रिद्धिमा को प्रधानाचार्य व स्टाफ सदस्यों ने किया सम्मानित

# चुनौती पूर्ण समय के लिए हमें स्वयं को आज ही करना होगा तैयार : मदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौरी में उद्यमिता पखवाड़े के तहत रैडक्रास सेल व प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में पीपीटी प्रेजेंटेशन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में सृजन स्टार्टअप इन्क्यूबेटर्स प्रोजेक्ट प्रभारी कपिल मदान ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रैडक्रास कन्वीनर डॉक्टर रिंकू शर्मा द्वारा किया गया।

मुख्य वक्ता कपिल मदान ने विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से जिले के अलग अलग महाविद्यालय में चल रहे एंटरप्रेन्योरशिप कार्यक्रमों के बारे में अवगत करवाया गया। उन्होंने बताया कि आने वाला समय चुनौती पूर्ण है। इसलिए हमें स्वयं को आज ही तैयार करना होगा। कपिल मदान ने बताया कि अलग अलग महाविद्यालय के बच्चे एंटीक पीस रेडियो कार्यक्रम पॉडकास्ट प्रिंटिंग टीशर्ट, मग, पिलो, कवर, साबुन अलग अलग प्रकार की बनाकर स्वयं धन अर्जित कर रहे हैं। मौके पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने कहा कि समय की मांग के अनुसार स्वयं को स्थापित करें। अपनी स्किल डेवलप करें।



यमुनानर । राजकीय ज्योतिबाफुले महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न जानकारियां देते हुए मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम** एंनलाइटमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट ने आयोजित करवाया कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाना जरूरीः वर्मा

## आज के समय में युवाओं पर शैक्षणिक दबाव बहुत ज्यादा

■ ईईएफ ट्रस्ट की अध्यक्ष अल्का वर्मा ने मुख्य वक्ता के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

इमोशनल एंनलाइटमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट (ईईएफ ट्रस्ट) के तत्वावधान में कैंप स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराना और तनाव, चिंता व अवसाद जैसी समस्याओं से निपटने के उपायों की जानकारी देना रहा। ईईएफ ट्रस्ट की अध्यक्ष अल्का वर्मा ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही श्स्वस्थ मन, स्वस्थ आज के समय में युवाओं पर शैक्षणिक दबावजीवन के संदेश के तहत सकारात्मक सोच अपनाने व भावनाओं को अभिव्यक्त करने और जीवन में संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं पर शैक्षणिक दबाव, करियर चुनौतियां और सामाजिक प्रतिस्पर्धा का गहरा असर पड़ रहा है। जिससे उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए बेहद जरूरी हैं। प्राचार्य सूरज भान ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास न केवल विद्यार्थियों बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के साथ ओपन इंटरैक्शन सेशन भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर डिम्पल आनंद, सुधाकर मौर्य, डॉ. नेहा अरोड़ा, विश्वास, लेक्चरार देवेंद्र शर्मा , अदिति, शिवन्या, भावना, डिप्पी , अंजलि व आरजू आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर द्वारा एंनलाइटमेंट फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों को जागरुक करते हुए ईईएफ ट्रस्ट की अध्यक्ष अल्का वर्मा ।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल को श्रद्धांजलि की अर्पित

**लाडवा।** लाडवा के संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बंसीलाल को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्कूल प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग ने कहा कि स्व. बंसीलाल विकास पुरुष के पर्याय थे, क्योंकि उन्होंने हरियाणा के विकास की रूपरेखा तैयार की। उन्होंने हर गांव व शहर को सडकों और बिजली से जोड़ा। वे एक सादगी पसंद, शिक्षित, ईमानदार और जन-जन में लोकप्रिय नेता थे। चौ. बंसीलाल का इंदिरा गांधी नेशनल कालेज से गहरा नाता रहा है, क्योंकि उन्होंने 1974 में महाविद्यालय की आधारशिला रखी थी।

### रोटरी क्लब के सदस्यों ने कसौली में भ्रमण

**लाडवा।** लाडवा की रोटरी क्लब का दो दिवसीय पारिवारिक भ्रमण हिमाचल के कसौली में सम्पन्न हुआ। इस भ्रमण में क्लब के 35 सदस्य अपने परिवार सहित शामिल हुए। प्रोजेक्ट चेयरमैन डा. अमृत गर्ग ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी क्लब का वार्षिक पारिवारिक टूर आयोजित किया गया। इसमें सभी सदस्यों ने न केवल मनोरंजन किया बल्कि सामाजिक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने पर भी विचार-विमर्श किया।

### लड़कियों की हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** द्रोणाचार्य स्टेडियम में अंडर- 17 व अंडर-19 स्कूली लड़कियों की हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि विनय कुमार शर्मा एसएचओ सिटी थे। इस अवसर पर हैंडबॉल के नोडल ऑफिसर प्रदीप शर्मा ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और खिलाड़ियों से महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में चर्चा की।

### जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** जिला सडक सुरक्षा व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी तथा ब्लैक स्पॉट की समन्वय समिति की मासिक बैठक 27 अगस्त 2025 को सुबह 11:30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगा। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा करेंगे। यह जानकारी आरटीए के इंस्पेक्टर जोगिन्द्र सिंह ढुल ने दी है।

### विश्वकर्मा जयंती रैली को लेकर रणनीति बनाई

**लाडवा।** हरियाणा स्टेट पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य श्यामलाल जांगड़ा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का आभार जताया। लाडवा में पूर्व सरपंच हुकमचंद पांचाल के कार्यालय पर बैठक हुई, जिसमें 17 सितंबर को रोहतक में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय विश्वकर्मा जयंती रैली की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाई गई। वहीं पूर्व सदस्य श्यामलाल जांगड़ा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दोनों ऊर्जावान नेताओं की पहल से अब पिछड़ा वर्ग आयोग को नई शक्तियां मिलेगी जिससे समाज का संरक्षण, उत्थान और कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## पूर्व राज्यमंत्री ने शहर स्वच्छ बनाने के अभियान का किया शुभारंभ

# हर वार्ड में 21 सदस्यीय कमेटी संभालेगी स्वच्छता की कमान

- शहर के 32 वार्डों में जन आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए शहर के हर वार्ड में 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया जाएगा। इस शहर के 32 वार्डों में कमेटियों का गठन करने की जिम्मेवारी नगर पार्षदों को सौंपी गई है। इस अभियान को सब मिलकर एक जन आंदोलन का स्वरूप देंगे ताकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सपने को साकार किया जा सके और कुरुक्षेत्र को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाया जा सके। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को वार्ड 1 भद्रकाली मंदिर के पास जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित स्वच्छता अभियान में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व जिला नगर आयुक्त अमन कुमार ने विधिवत रूप से वार्ड 1 में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया और खुद श्रमदान कर वार्ड एक से कचरे को साफ किया। इस दौरान वार्ड एक के नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई है। पूर्व राज्यमंत्री ने वार्ड एक के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वार्ड की हर गली व माहौल्ले को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना योगदान दे। जब इस वार्ड का कोई भी नागरिक घर के कचरे को सड़कों और चौराहों पर नहीं डालेगा तो निश्चित ही यह वार्ड स्वच्छ बन जाएगा। इस वार्ड को हमेशा स्वच्छ बनाए रखने के लिए संकल्प लेना होगा और संकल्प को पूरा करने के लिए नियमित रूप से अपने घर और मोहल्ले की सफाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र को देश का सबसे स्वच्छ व जिला बनाने के लिए पूरी योजना तैयार की है। इस योजना के अनुसार शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा।

### प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबिन की व्यवस्था करे दुकानदार

उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबिन की व्यवस्था करे। इसके अलावा सरकार के आदेशानुसार शहर के अंदर की डेयरियों को बाहर शिफ्ट किया जाएगा। डीएमसी अमन कुमार ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन मे शहर में स्वच्छता अभियान चल रहा है। इस मौके पर महिपाल ढांडा, कवि बजाज हंस, सुधीर चुघ, गौरव भट्ट, नरेन्द्र शर्मा निन्दी, धनराज, कमल किशोर, प्रदीप झांब, विवेक रावत, हरिश अरोड़ा, देवी दयाल जांगडा, नरेन्द्र वालिया, प्रेम सैनी, नप ईओ, नप कार्यकारी अभियंता, एसआई, अनिल पोपली आदि पार्षद, समाजसेवी व अधिकारीगण मौजूद थे।

# सीएम की मुहर से शाहाबाद की 24 कालोनियों में पहुंचेगा पेयजल

- 7.79 करोड़ रुपये की लागत से शाहाबाद की 24 कालोनियों में पहुंचेगी स्वच्छ जलधारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद


**शाहबाद।** पयेजल सप्लाई लाइन के कार्य की शुरूआत करते सुभाष कलसाना व अन्य।

शाहबाद के विकास में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। भाजपा नेता सुभाष कलसाना की पहल पर अब 24 कॉलोनियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 7.79 करोड़ रुपये की लागत से बड़ी परियोजना शुरू की गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत लगभग 19 किलोमीटर क्षेत्र में नई पाइपलाइन डाली जाएगी, जिससे हजारों लोगों को राहत मिलेगी और उनके घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचेगा। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने बताया कि इन कॉलोनियों के लोगों की लंबे समय से मांग थी कि उन्हें स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा स्थानीय लोगों ने बार-बार यह समस्या रखी कि उनकी गलियों में पानी की व्यवस्था नहीं है। जिस पर उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर इस परियोजना को स्वीकृति दिलाई। इस प्रोजेक्ट को मंजूरी देने के लिए सुभाष कलसाना और लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कालोनीवासी दर्शन सिंह, निपुण गर्ग, अमर सिंह, दीपक आनंद, एडवोकेट मनदीप रावा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नियमित व्यायाम व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईईटी संस्थान में कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन व अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के दिशा निर्देश में चल रहे छात्र प्रेरक कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष अनेजा तथा उनकी चिकित्सा टीम द्वारा विद्यार्थियों को विटामिन बी-12 और डी के महत्व, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जागरूक किया गया। उन्होंने संक्रामक (एचआइवी, हेपेटाइटिस) एवं असंक्रामक (मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप) रोगों से संबंधित जानकारी साझा की तथा पीसीओडी और अस्थमा जैसी समस्याओं में समय पर परामर्श की आवश्यकता पर बल दिया।





## नेत्रदान करके दूसरों की जिंदगी में लाइए उजाला: डा. अनीता गोयल

**कुरुक्षेत्र।** लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की नेतृत्व रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनीता गोयल ने कहा कि नेत्रदान से बड़ा कोई दान नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरे देश में राष्ट्रीय नेत्रदान फखवाड़ा मना रहा है। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जिले भर में शिविर लगाकर लोगों को नेत्रदान से दृष्टिहीन लोगों को रोशनी मिलेगी इस बारे में बताया जा रहा है। डॉ अनीता ने कहा कि कोई भी व्यक्ति नेत्रदान कर सकता। डॉक्टर मेजपाल ने कहा कि 8 सितंबर तक नेत्रदान पखवाड़ा चलेगा। जिला स्वास्थ्य मार्केटिंग स्कूलों में भी जाएगी और बच्चों को भी नेत्रदान करने के प्रति जागरूक करेगी। डॉक्टर मेजपाल ने कहा कि अब लोग रूढ़िवादी विचारधाराओं को छोड़ रहे हैं। नेत्र रोग विभाग में काउंसलर निर्मला ने कहा कि नेत्रदान करने वालों में पहले से ज्यादा उत्साह है। पहले लोगों के दिमाग में भार्मिक प्रचार भरा हुआ था। अब लोग जागरुक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि नेत्रदान करने वाले के निधन के 6 से 8 घंटे के बीच नेत्र लिया जाता है।

*सड़कों पर जलभराव से वाहन चालकों को परेशानी*

# दिनभर आसमान में छाए रहे बादल, रूक-रूक हुई बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** बारिश में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

मौसम में मंगलवार को भी दिनभर बदलाव देखने को मिला। आसमान में दिनभर बादल छाये रहे। इसी के साथ दिन में कई बार हल्की बूंदाबांदी होती रही। मंगलवार को बारिश होने से तापमान में भी गिरावट आई है। मौसम खराब होने व बादल छाने से किसानों की चिता बढ़ा दी है। बारिश के कारण जलभराव होने से धान की फसल को नुकसान हो रहा है। बादल छाने से फसलों में बीमारी बढ़ रही है। हल्की बूंदाबांदी होने व आसमान में बादल छाने से तापमान में भी गिरावट आई है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। वहीं बारिश से मौसम सुहाना रहा। लोग सुहाने मौसम का आनंद लेने बच्चों सहित पार्कों में पहुंचने लगे। बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बरसात होने से जहां गांव व शहर की निचली कई कालोनियों में कीचड़ जमा हो गया है। लोगों को आने जाने में परेशानी हुई। कई जगह सड़कों पर पानी निकासी न होने के कारण पानी खड़ा हो गया।



## हमें पौधों की देखभाल परिवार के सदस्य की तरह करनी चाहिए : आरएस घुम्मन

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा मृषि मार्कंडेय एन्क्लेव सेक्टर 5 व 6 शाहाबाद मारकंडा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवियों, स्थानीय निवासियों नें बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर रोटरी प्रधान डॉक्टर आर. एस. घुम्मन ने कहा कि हमें पौधों की देखभाल परिवार के सदस्य की तरह करनी चाहिए ताकि आने वाले पीड़ियों को स्वच्छ वातावरण और हरियाली का उपहार मिल सके और वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर आए हुए सभी को पोष्टिक और स्वादिस्ट नाश्ते का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मृषि मार्कंडेय एन्क्लेव सेक्टर 5 व 6 के सतविंदर बैंस,प्रिंस औजला, राज रत्तन जैन, राजीव गुप्ता, गुलशन छाबरा, असिस्टेंट गवर्नर डॉक्टर एस. एस. आहुजा, जिला सलाहकार राज कुमार गर्ग को-चेयरमैन अंकुर, सचिव विक्रम गुप्ता,प्रवीन ठकराल, प्रीतपाल सिंह ढिल्लों आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती घाट पर चलाया सफाई अभियान

**मेरा कुरुक्षेत्र-मेरा अभिमान के तहत चलाया अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



उपायुक्त कुरुक्षेत्र द्वारा स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र-मेरा अभिमान के तहत उपमंडल पिहोवा में सफाई अभियान चलाया गया है जो 7 नवम्बर तक चलेगा। इस अभियान के तहत शहर के हर स्थान पर सफाई कार्य किया जाएगा तथा कहीं पर भी गंदगी नहीं रहने दी जाएगी। उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस मंगलवार को सरस्वती घाट पर सफाई कार्य करने के दौरान साफ-सफाई को लेकर अपना संदेश दे रहे थे। एसडीएम अभिनव सिवाच आईएएस ने कहा कि स्वच्छ हरियाणा अभियान के तहत उपमंडल पिहोवा को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए मेरा पिहोवा मेरा अभिमान अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत उन्होंने मंगलवार को स्वंय सरस्वती घाट, तहसील परिसर व बार काम्पलेक्स में जाकर नगरपालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ साफ-सफाई का कार्य किया। प्रशासन द्वारा जगह-जगह पर कूड़ेदान लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त आवश्यक स्थानों पर प्रशासन द्वारा और अधिक कूड़ेदान उपलब्ध करवाए जाऐंगे। उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच ने कहा मंगलवार को नगरपालिका के पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उन्होंने सभी वार्डों के पार्षदों को स्वच्छ हरियाणा अभियान के तहत दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि जिस भी वार्ड में सबसे ज्यादा साफ-सफाई तथा सौंदर्यकरण होगा, उस वार्ड को विशेष तौर पर सम्मानित किया जाएगा।

### धूमधाम से मनाया जाएगा गणेश महोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** रिद्धि-सिद्धि विनायक मंडल द्वारा गौशाला बाजार में 9वां गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव को लेकर रिद्धि-सिद्धि विनायक मंडल के सदस्यों की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक के बाद जानकारी देते हुए पार्षद सुधीर चुघ ने बताया कि रिद्धि-सिद्धि विनायक मंडल द्वारा हर वर्ष गौशाला बाजार में श्रीणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। बुधवार को गौशाला बाजार स्थित मंडप में श्रीगणेश जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी, इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। दस दिनों तक श्रीगणेश जी का पूजन किया जाएगा। शाम को आरती की जाएगी। इस अवसर पर दीपक नैय्यर, बंटी अरोड़ा, विनोद सहगल, रणजीत सिंह, विशाल कक्कड़, ओम प्रकाश सेठी, अशोक मुल्तानी, प्रेम डुडेजा, गुलशन छाबड़ा, ओम प्रकाश वधवा, विकास गांधी, विनोद गांधी, कन्हैया भाटिया, रितेश धीमान, संजय भाटिया, संजय शर्मा, सुधीर सहगल, कृष्ण आहुजा, संजय वर्मा, अखिल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को योग की दी जानकारी

- पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में सहजयोग कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** सहजयोग ध्यान सीखते पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय सहज योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन पूजनीय श्रीनिर्मला देवी ट्रस्ट की तरफ से किया गया था। ट्रस्ट के सदस्यों आशुतोष गौड़, डाक्टर संजय सिंह, मृगाक्षी भारद्वाज, मिनाक्षी कटारिया, आरती, महिन्द्र सैनी, सुधीर कुमार, आयुष कुमार ने स्कूल का दौरा किया और छात्रों को सहज योग के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला के दौरान, छात्रों को सहजयोग मेडिटेशन और सहज योग के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। ट्रस्ट के सदस्यों ने छात्रों को सहज योग करने की आसान विधियों के बारे में बताते हुए योग के महत्व को समझाया। स्कूल की प्रिंसिपल शशि पंवार ने कहा कि सहज योग छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से छात्रों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा और वे अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल कर सकेंगे। स्कूल संचालिका पुष्पा संधु ने भी इस कार्यशाला की सराहना की और कहा कि पूजा मॉडर्न पब्लिक स्कूल हमेशा अपने छात्रों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व विकास के लिए प्रयासरत रहता है। ट्रस्ट के सदस्यों ने भी स्कूल के छात्रों की उत्साह और जिज्ञासा की सराहना की और कहा कि वे भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए तैयार हैं। दो दिवसीय कार्यशाला के अंत में, छात्रों ने सहज योग के बारे में बहुत कुछ सीखा और वे अपने दैनिक जीवन में इसका पालन करने के लिए उत्साहित हैं। स्कूल के एम.डी. विकास दीप संधु ने ट्रस्ट के सदस्यों को उनकी इस पहल के लिए धन्यवाद दिया।



## हरियाणा अनुसूचित जाति राज के अध्यापक संघ ने उपायुक्त का किया अभिनंदन

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा अनुसूचित जाति राज के अध्यापक संघ की जिला इकाई ने जिला प्रधान अमर सिंह की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा को कुरुक्षेत्र में ज्वाइन करने पर संगठन की तरफ से पुष्पगुच्छ देकर उनका कुरुक्षेत्र जिले में अभिनंदन एवं स्वागत किया। पूर्व राज्य कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सरोहा ने उपायुक्त को संगठन की तरफ से विशेष रुप से बधाई दी और कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके कुरुक्षेत्र में उपायुक्त रहते हुए कुरुक्षेत्र जिला प्रशासन में और कुरुक्षेत्र जिले में विशेष सकारात्मक परिवर्तन दिखेगा। जिला उपायुक्त ने सभी का धन्यवाद किया और साथ ही सभी शिक्षकों के साथ मिलकर शिक्षा में सुधार के बेहतर प्रयास करने की बात की। मौके पर संगठन की तरफ से जिला महासचिव रामेश्वर लाल जिला संरक्षक रमेश थाना थानेसर प्रधान मनोज मेहरा, महासचिव राजेंद्र, अनिल चौधरी, नरेंद्र कलसाना, लाडवा प्रधान राजकुमार नरवाल, रामेश्वर, भगत सिंह व राज्य प्रेस सचिव नरेश फूले मौजूद रहे।

**खेल** | निखिल और गिरिशांत ने सब जूनियर प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

# नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में गुरुकुल के दो खिलाड़ी चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



गुरुकुल कुरुक्षेत्र के खिलाड़ियों ने 50वीं सब जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करके नेशनल चैम्पियनशिप में स्थान बनाया है। गुरुकुल के निखिल और गिरिशांत का चयन नेशनल चैम्पियनशिप हेतु हुआ है। इस उपलब्धि को लेकर गुरुकुल के छात्रों में बड़ा उत्साह है। अब ये खिलाड़ी नेशनल टीम का हिस्सा बन कर देशभर में गुरुकुल का गौरव बढ़ाएंगे। निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने बास्केटबॉल टीम के कोच राजकुमार व अरूण कुमार सहित पूरी टीम को बधाई दीं। वहीं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भी नेशनल टीम में चयन होने पर निखिल व गिरिशांत को दूरभाष पर बधाई दीं। ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार ने बताया कि हरियाणा बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा 50वीं सब जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हुआ, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में टीमों ने भाग लिया। कुरुक्षेत्र की टीम ने सोनीपत को टीम को पछाड़ते हुए चौथा स्थान हासिल किया। इस टीम का हिस्सा रहे गुरुकुल कुरुक्षेत्र के खिलाडी निखिल और गिरिशांत का चयन नेशनल टीम में हुआ है।

## क्षेत्रीय फुटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता में गीता बॉयज स्कूल बना चैंपियन



**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के वंदना सत्र में प्राचार्य अनिल मदान ने 23 से 25 अगस्त को रोहतक में होने वाले फुटबॉल खेलों में अंडर-19 बॉयज ने गोल्ड मेडल लाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य ने बधाई दी। इन खेलो में अच्छे प्रदर्शन लाने के लिए प्राचार्य ने विद्यालय के आचार्य राजीव व भूपेंद्र व सरंक्षक आचार्य मोहित को बहुत बहुत बधाई दी। विद्यालय के शारीरिक आचार्य व कोच सांय के समय छात्रों को प्रेक्टिस करवाते हैं। यह कोच फुटबाल, वॉलीबॉल, बास्केटबाल, वेटलिफ्टिंग, हैंडबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स की प्रैक्टिस करवाते हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

**बराड़।** रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति चलती ट्रेन से गिरकर मौत का शिकार हो गया। जीआरपी इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि मृतक के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला। केवल लुधियाना से गोंडा का रेलवे टिकट बरामद हुआ है। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

### कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया

**बराड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस मौके पर एसएमओ डॉ. तरुण प्रसाद और एएसएमओ डॉ. बीरबल सिंह ने बच्चों को एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. प्रसाद ने बताया कि यह दवाई 19 वर्ष तक के बच्चों को दी जाती है ताकि पेट के कीड़े खत्म हो सकें। बराड़ा ब्लॉक में लगभग 40,400 बच्चों को गोलियां दी जानी हैं, जिनमें से 27,400 बच्चों को दी गईं, बाकी को 2 सितम्बर को दी जाएंगी।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी अरूण को गिरफ्तार किया है। जटवाड़ के अनिल कुमार ने 24 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि इंदिरा पार्क के नजदीक गांधी ग्राउंड के बाहर से किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बच्चों को कृमिनाशक की गोलियां खिलाई

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 17 से 19 वर्ष की आयु वर्ग की छात्राओं को कृमिनाशक दवा अल्बेंडाजॉल की गोलियां वितरित की गईं। कुल 120 छात्राओं ने इस स्वास्थ्य पहल का लाभ उठाया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस इकाई और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

### भैंस चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज भैंस चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी मुल्तकीम उर्फ कालू व मोहम्मद इश्तिकार उर्फ तारा को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक पुलिस पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर नकदी बरामद की जा चुकी है।गांव बिंजलपुर के रहने वाले राहुल कुमार ने 25 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि रात को आरोपियों ने उसकी व राकेश कुमार की भैंस चोरी की है।

### देसी कट्टा व जिंदा रौंद के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अमरीक सिंह को गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त आरोपी रोहित कुमार उर्फ लाला को पहले ही अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।







# भारी बरसात के कारण फिर ठहरी जिंदगी रिहायशी कॉलोनियों में भी हुआ जलभराव

## मुख्य सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों की बढ़ी दिक्कत

रेलवे अंडरब्रिजों के नीचे जलभराव होने की वजह से आवाजाही हुई बंद, निकासी के लिए निगम की ओर से चलाए गए पंप, मेयर बोले, पानी निकासी में लगता है समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




सोमवार देर रात से हो रही बरसात की वजह से ट्विन सिटी की ज्यादातर रिहायशी व व्यवसायिक कॉलोनियों में जलभराव हो गया। कई मुख्य सड़कों पर भी पानी भर गया। जलभराव के कारण इंको समेत कई अंडरब्रिजों से वाहनों की आवाजाही कुछ समय के लिए बंद करनी पड़ी। हालांकि निगम की ओर से कॉलोनियों के साथ अंडरब्रिजों से पंपों के जरिए पानी निकालने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। शाम तक ज्यादातर कॉलोनियों से पानी का स्तर नीचे चला गया था।

### शहर में इन जगह भरा पानी

भारी बरसात की वजह से अंबाला शहर के जंडली, लक्ष्मी नगर, सेक्टर 9 और 10, कपड़ा बाजार, इंको रेलवे अंडरपास, जगाधरी गेट और बीडीपीओ ऑफिस के सामने के इलाकों में भारी जलभराव हुआ है। इसके अलावा ज्यादातर रिहायशी कॉलोनियों में भी पानी भर गया। जलभराव के कारण लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रेलवे अंडरपासों में पानी भरने की वजह से प्रशासन ने उन्हें बंद कर दिया है। इसके कारण कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर रेलवे पुल पर चढ़कर गुजरना पड़ा। अंबाला शहर की तरह अंबाला छावनी के भी कई हिस्सों में पानी भर गया। निचले इलाकों में दो फुट तक पानी भर गया । बारिश के कारण सड़कों पर भी जाम की स्थिति बनी हुई है। अंबाला-साहा हाईवे की सर्विस लेन और सुभाष पार्क के सामने की सड़कों पर भी जलभराव हो गया है। बराड़ा का अधोया रोड, अनाज मंडी, रेलवे अंडरपास, बीडीपीओ ऑफिस के सामने मेन रोड, बंसल पैलेस चौक के पास बराड़ा गांव की तरफ जाने वाली सड़क, जंडली, लक्ष्मी नगर, इंको अंडर पास, माता रानी चौक, जंडली अंडर पास, उत्तरांचल कॉलोनी, मॉडल टाउन रोड में भी जलभराव की स्थिति देखी गई। नगर निगम ने इन क्षेत्रों में पंपों के जरिए पानी निकालना शुरू कर दिया था।जलभराव को लेकर अंबाला शहर की मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि पंपों के जरिए पानी को कॉलोनियों से निकालने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर बाथरूम में भी एक साथ एक बाल्टी भर पानी डाल दो तो उसको निकलने में भी टाइम लगता है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ घंटों में स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो जाएगी।

### भारी बरसात के कारण 18 ट्रेनें हुई रद्द

**अंबाला।** भारतीय रेलवे ने भारी बरसात के कारण 18 ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है। जिन यात्रियों के पास इन ट्रेनों का मेन रिजर्वेशन है उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी। अंबाला डिवीजन के वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक नवीन कुमार झा ने बताया कि पंजाब की चक्की नदी के कटाव के कारण डाउन लाइन पूरी तरह प्रभावित हो गई है। पठानकोट से कंडोरी तक ट्रैक खराब हो गया है, जिस वजह से रेलवे को यह कदम उठाना पड़ा। रेलवे ने कहा कि अगले आदेश तक ये ट्रेनें रद्द रहेंगी और टिकटधारकों को एसएमएस से जानकारी दी जाएगी। झा ने बताया कि रेलवे सभी यात्रियों को उनकी टिकट का पूरा रिफंड देगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों को इस समय यात्रा करने से बचना ही चाहिए। इन ट्रेनों के निरस्त होने से सबसे अधिक जम्मू रूट प्रभावित होगा। इसके अलावा दिल्ली, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला, जालंधर, पठानकोट आदि स्टेशनों के यात्रियों को दिक्कत होगी।

## छात्रों को खिलाई 54844 एल्बेंडाजॉल की गोलियां

- कार्यक्रम की चेकिंग के लिए 20 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सीएचसी के अंतर्गत 54844 को एल्बेंडाजॉल की गोलियां खिलाई गई है। जिनमें 1 से 19 वर्ष के 51753 बच्चें और 20 से 24 वर्ष की 3091 महिलाएं शमिल हैं।

एसएमओं डॉ. गुरप्रीत सिंह ने बताया कि ब्लॉक का लक्ष्य 60775 है जिसमें से 51753 बच्चों को गोलियों खिलाई गई है। शेष बच्चों को मॉप-अप दिवस को 2 सितंबर को खिलाई जाएगी।

यह गोलियां स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूलों, हाई-रिस्क एरिया में खिलाई गई। इस कार्यक्रम की चेकिंग के लिए 20 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई थी। एसएमओ ने बताया कि कीडे होने से पेट में दर्द रहता है, खून की कमी हो जाती है, चिडचिड़ापन रहता है।

बच्चों में पेट का दर्द का मुख्य कारण आंतों का संक्रमण है जो आंतों पर प्रजीवियों कीडों के कारण होता है। उन्होंने बताया है कि आंतों के कृमि बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालते हैं जिससे उनमें खून की कमी, अनीमिया कुपोषण, पेट दर्द, थकावट एवं बीमारी कमजोरी और पढ़ाई पर असर पड़ता है। बच्चों को समय-समय पर कृमिनाशक दवा देना आवश्यक है।



शहजादपुर। बच्चों को कृमिनाशक गोलियां खिलाती शिक्षक।

### सिख दंगों के पीड़ित परिवारों को नौकरी देने का फैसला स्वागत योग्य

**बराड़ा।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्य एवं एनआरआई विंग चेयरमैन राजिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 1984 के सिख विरोधी दंगों में मारे गए लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह कदम इंसाफ की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है और पीड़ित परिवारों के घावों पर मरहम लगाने जैसा है। राजिंदर सिंह ने बताया कि दंगों के दौरान प्रदेश में 121 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 20 गुरुद्वारे जलाए गए थे और सैकड़ों दुकानें व मकान तबाह कर दिए गए थे। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों बाद सही, लेकिन सरकार ने पीड़ित परिवारों का ध्यान रखा है।

## अंडर-19 वॉलीबॉल की टीम ने जीता रजत पदक पांच खिलाड़ियों का राज्य टीम के लिए चयनित

- अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता में बराड़ा ब्लॉक की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शैमफॉर्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नाम रोशन किया है। विद्यालय की अंडर-19 वॉलीबॉल टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर रजत पदक अपने नाम किया। अंडर-14 वर्ग में खिलाड़ी वंदीप, दिग्विजय, अनमोल और गर्व का चयन एसजीएफआई राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसी कड़ी में अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता में बराड़ा ब्लॉक की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया। इस मुकाबले में स्कूल के खिलाड़ी परमप्रीत का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने अकेले दम पर खेल का रुख बदलते हुए टीम को विजय दिलाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी शर्मा और चेयरमैन इंदरजीत सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इंदरजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने यह साबित किया है कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी वे उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। हमें उन पर गर्व है।



बराड़ा। खेलों में भाग लेने वाले स्कूल के खिलाड़ी।

## बीकॉम की भावना ने मारी बाजी महिला कॉलेज में हुई प्रतियोगिता



शहजादपुर। प्रशस्ति पत्रों के साथ छात्र।

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय के रोजगार प्रकोष्ठ और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के आयोजक प्रो. मनीषा आरोड़ा, प्रो. शिवानी और प्रो. आशु रहे जबकि संयोजक की भूमिका प्रो. भारत गौरव कपूर ने निभाई। इस प्रतियोगिता में 11 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा भावना ने प्रथम स्थान, बीएससी प्रथम वर्ष की रितिका ने द्वितीय स्थान और बीकॉम द्वितीय वर्ष की दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बार एसो. ने दूसरे दिन भी वर्क रखा सस्पेंड

- सीनियर वकील के खिलाफ केस खारिज करने की मांग
- पुलिस पर राजनैतिक दबाव में दूसरा केस करने का आरोप, एसपी ने नहीं दिया कोई संतोषजनक जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट में कीमती बर्फखाना जमीन विवाद बिजली निगम के एसडीओ द्वारा दूसरी एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद बार एसोसिएशन ने दूसरे दिन भी वर्क सस्पेंड रखा। इस मामले में एसडीओ ने बार एसोसिएशन के वकील संजीव मोहन लिब्रहान आरोपी ठहराया है।

बार एसोसिएशन ने इस मामले में विरोध जताते हुए पूरे दिन में कोर्ट का कामकाज ठप रखा। सोमवार को भी सभी वकील पुलिस अधीक्षक इस मामले में मिले थे लेकिन वहां से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के बाद एसोसिएशन ने यह कदम उठाया है।

एसोसिएशन का कहना है कि जब वकील ही सुरक्षित नहीं हैं तो वे समाज की रक्षा कैसे करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि लिब्रहान भाईयों पर जो भी एफआईआर दर्ज की जा रही हैं वे सभी राजनीति दबाव में कराई गई हैं। यह कार्वाई पूरी तरह से गलत है। बार एसोसिएशन के प्रेजिडेंट एडवोकेट सतपाल सिंह ने कहा कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि संजीव मोहन लिब्रहान के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस नहीं ली जाती है तो उनका विरोध जारी रहेगा। बता दें कि अंबाला छावनी के कैंट राय मार्केट स्थित 5 एकड़ कीमती बर्फखाना की जमीन पर कब्जे और गाड़ी चढ़ाकर कुचलने के प्रयास के मामले में एसपी अजीत सिंह शेखावत के आदेश पर कैंट पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था इसमें एडवोकेट संजीव मोहन लिब्राहन और तेजिंदर मोहन लिब्राइन पर बीएनएस की धारा 115, 329(3), 351(2) के तहत मामला दर्ज किया था। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रोहित जैन ने कहा कि यह सभी राजनीति दबाव में एफआईआर दर्ज कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जिन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है उनमें सीनियर वकील हैं। उन्होंने कहा कि सीनियर वकीलों पर सुनियोजित तरीके से झूठे केसों में फंसाया जा रहा है। इसकी वजह से दोनों वकीलों की छवि को नुकसान हो रहा है।

## भाजपा सरकार कानून-व्यवस्था कायम रखने में नाकाम : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



विधायक पूजा चौधरी।

मुलाना से कांग्रेस विधायक पूजा चौधरी ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान प्रदेश में पुलिस विभाग के खाली पदों और हरियाणा में बढ़ते अपराधों को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। चौधरी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से सवाल पूछा कि गृह विभाग में कर्मचारियों की स्वीकृत एवं वर्तमान संख्या क्या है और रिक्त पदों को भरने में इतना विलंब क्यों हो रहा है। इस पर मुख्यमंत्री द्वारा दी गई जानकारी में खुलासा हुआ कि वर्तमान में पुलिस कांस्टेबल से इंस्पेक्टर तक के 21,964 पद खाली पड़े हैं। वहीं गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा अधिकारी (हवलदार इंस्ट्रक्टर से कंपनी कमांडर) के कुल 284 स्वीकृत पदों में से केवल 91 पर ही अधिकारी तैनात हैं, जबकि 193 पद रिक्त हैं। विधायक पूजा चौधरी ने कहा कि पुलिस विभाग में भारी संख्या में रिक्तियां होना प्रदेश में अपराध बढ़ने का बड़ा कारण हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपराध और नशे पर रोक लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

## 2.700 किलो गांजा सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस नशा तस्करों पर निरंतर कार्रवाई कर रही है। अब फिर पुलिस ने एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 2.700 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर के न्यू दुर्गा नगर से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपी की पहचान बिहार के टेकनमा गांव के रहने वाले सुभाष के तौर पर हुई है। पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। एएनसी के निरीक्षक ऋषि पाल ने बताया कि 25 अगस्त 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह गांजे की बड़ी खेप लेकर आ रहा है। इसी वजह से पुलिस ने उसे गांजा समेत काबू करने के लिए योजना बनाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### दीपेंद्र हुड्डा ने बिगड़ती कानूनी व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार पर बोला हमला

## सीएम की नहीं मानते अफसर, प्रदेश की डोर दिल्ली में बैठे लोगों के हाथ में

- दीपेंद्र बोले, अपराध में प्रदेश नंबर वन पर काबिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुडा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। भाजपा सरकार इस पर विधानसभा में चर्चा को भी तैयार नहीं थी। कांग्रेस ने आवाज उठाई तो इस विषय पर विधानसभा में चर्चा होगी। हुड्डा मंगलवार को पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक मेहता के कार्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान अंबाला के सांसद वरुण मुलाना भी मौजूद रहे। हुड्डा ने कहा सरकार के आंकडे बता रहे हैं कि प्रदेश में क्या हाल है? पीएम मोदी और अमित शाह का गृह मंत्रालय भी बता रहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था कितनी बिगडी हुई है।सोशल प्रोगेसिव के अनुसार और गृह मंत्रालय के अनुसार प्रदेश सबसे असुरक्षित राज्य है।हत्याओं के मामले में प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। महिला के विरूद्ध अपराधों में प्रदेश नंबर एक पर है।दलितों के खिलाफ अपराधों में 2014 के मुकाबले दोगुना रेट पहुंच गया है।फिरौती के मामलों में भी प्रदेश नंबर वन पर पहुंच गया है।एसटीएफ ने बताया है कि प्रदेश में 80 छोटी बडी गैंग सक्रिय हैं। बेखौफ तो जनता को होना चाहिए लेकिन प्रदेश में अपराधी बेखोफ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय में गैंगस्टर या तो अपराध छोड गए थे या प्रदेश छोड गए थे। अब गैंगस्टर खुलेआम सोशल मीडिया पर हत्या डकैती फिरौती की जिम्मेवारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नारायणगढ के साथ-साथ पूरे प्रदेश में यही हाल है। मुख्यमंत्री हर बात को हंस कर टाल देते हैं। हंसकर इसलिए टालते हैं क्योंकि अफसर तो उनकी सुनते नहीं हैं।अफसरों को पता है कि उनकी डोर दिल्ली में बैठे लोगों के हाथ में है।अफसरों की ट्रांसफर तो कहीं ओर से होती है इसलिए अफसर इनकी नहीं मानते हैं। वोट चोरी के सवाल पर दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा चुनाव में भी भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलकर व्यापक गडबडी की है।कांग्रेस इसका अध्ययन कर रही है।सभी तथ्य जनता के सामने रखें जाएंगे। महादेवपुरा,महाराष्ट्र में गडबडी सामने आई है। चुनाव आयोग भाजपा का सहायक आयोग बन गया है।इसको भाजपा आयोग कहना चाहिए।कांग्रेस का वोट चोरी को शुरू किया अभियान जारी रहेगा। सांसद वरूण चौधरी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सब देख रहे हैं। नारायणगढ में मर्डर हो रहे हैं।सिक्योरिटी वाले लोगों पर फायरिंग हो रही है।फिरौतियां मांगी जा रही हैं।कुछ लोग तो पुलिस के पास भी नहीं जा रहे हैं। फिरौतियां देनी भी शुरू कर दी है। अपराधियों को कोई खौफ नहीं है। मौके पर कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष दुष्यंत चौहान , पूर्व चेयरमैन ब्रह्मपाल राणा,प्रताप राणा पूर्व जिला प्रधान एनएसयूआई पंचकूला ,पूर्व विधायक राजपाल भूखड़ी भी मौजूद रहे।



शहजादपुर। सांसद दीपेंद्र हुड्डा का अभिनंदन करते पूर्व राज्य सूचना आयुक्त व अन्य।